191 स्टूडेंट्स की भर्ती के लिए आई 150 कंपनियां

◆ नवभारत रिपोर्टर । रायपुर.
www.navabharat.org

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रायपुर (आईआईएम) में पीजीपी 2018-20 विद्यार्थियों का फाइनल प्लेसमेंट पूरा कर लिया गया है. 191

शिक्षा

- **आईआईएम में पीजीपी 2018-20 प्लेसमेंट प्रक्रिया पूरी**
- **पिछले पांच वर्ष से प्लेसमेंट रिकार्ड में लगातार सुधार**

स्टूडेंट्स की भर्ती के लिए आयोजित कैंपस भर्ती प्रक्रिया में 150 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया. इसमें विद्यार्थियों ने वित्त, बिक्री व विपणन, रणनीति एवं परामर्श, संचालन, सामान्य प्रबंधन और मानव संसाधन के क्षेत्रों में हिस्सा लिया.

पिछले पांच साल से आईआईएम रायपुर अपने प्लेसमेंट रिकॉर्ड में लगातार सुधार करते हुए अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में भर्तियां प्राप्त करने में सक्षम है. ये ऑफर सभी क्षेत्रों से थे, जिनमें ज्यादातर ऑफर कंसल्टिंग, बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विस एंड इंश्योरेंस सेक्टर (बीएफएसआई), मैन्युफैक्चरिंग, आईटी-आईटीईएस, एनालिटिक्स, एजुकेशन, एडवरटाइजिंग और हेल्थकेयर अकाउंटिंग क्षेत्र से रहे. 2019-21 के पीजीपी बैच के कुल 269 विद्यार्थियों ने भर्ती प्रक्रिया में भाग लेकर अपना जॉब सुनिश्चित किया. आठ सप्ताह की समर इंटर्नशिप के लिए उच्चतम वेतन 3.91 लाख रुपए की पेशकश की गई, जबकि कक्षा का औसत 88 हजार रुपए रहा. 60 से अधिक नए नियोक्ताओं के साथ 140 से अधिक विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित कंपनियों ने पीजीपी 2019-21 वर्ग से ग्रीष्मकालीन इंटर्न को भर्ती किया.

प्रति वर्ष प्लेसमेंट पैकेज में वृद्धि

पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ कक्षा का औसत वेतन पैकेज 15.20 लाख प्रति वर्ष और मीडियन सैलरी 14.78 लाख प्रति वर्ष रही, जो स्टूडेंट्स और कंपनियों के बीच स्थायी भर्ती के संकेत है. 46 लाख प्रति वर्ष के वेतन के साथ अंतर्राष्ट्रीय प्लेसमेंट की पेशकश भी की गई है. कक्षा में पेश किया जाने वाला उच्चतम घरेलू प्लेसमेंट पैकेज 28.12 लाख प्रति वर्ष है, जबकि शीर्ष 25 प्रतिशत के लिए औसत प्लेसमेंट पैकेज 21.28 लाख प्रति वर्ष रहा है, जो वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हो रहा है, जो महत्वपूर्ण उपलब्धि है.

हम विद्यार्थियों और कॉरपोरेट जगत को बेहतर सेवाएं प्रदान करते हुए अपनी विकास यात्रा जारी रखेंगे.

प्रो. भारत भास्कर, डायरेक्टर

विभिन्न क्षेत्रों की विविधता से युक्त एक सुवितरित और सुस्थापित भर्ती प्रक्रिया विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद है.

प्रो. सत्यसिबा दास, अध्यक्ष, कॉर्पोरेट रिलेशन और प्लेसमेंट

Navbharat, 21st May 2020, P. 03 (Rajdhani).jpg